हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 जून 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का...



07 स्कूली वाहनों की जांच में 8 वाहनों पर कार्रवाई



खबर संक्षेप

भगवान जगन्नाथ जी का प्रकट उत्सव मनाया



विदिशा। नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव की तैयारियां शुरु हो गईं हैं। मंदिरों में सोमवार को भगवान जगन्नाथ प्रकट उत्सव मनाया गया। अब वे बीमार हो जाएंगे और भक्तों को दर्शन नहीं देंगे। स्वस्थ्य होने के बाद नगर भ्रमण पर रथयात्रा में निकलेंगे तब दर्शन होंगे।

दिव्यांगजनों के लिए आज लगेगा शिविर

विदिशा। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने आज 30 जून को दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर सुबह 11 बजे से शिविर लगाया जाएगा। शिविर में ऐसे दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जाएगा जिन्हे तीन वर्षों मे निःशुल्क उपकरण प्राप्त नहीं हुए हैं। मोटराइज्ड ट्रायसिकल उन्हे दी जाएगी, जिन्हे पांच साल पूर्व दी गई थी या नहीं मिली।

ग्यारसपुर अस्पताल में नहीं हैं रैबीज इंजेक्शन

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रैबीज के इंजेक्शन नहीं हैं। जानवरों के हमले में घायल होने वाले मरीज खासे परेशान हो रहे हैं। रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए मरीजों को ग्यारसपुर से दूर जिला अस्पताल विदिशा जाना पड़ रहा है। करीब 8 दिनों से ग्यारसपुर अस्पताल में रैबीज इंजेक्शन नहीं होने से यह परेशानी खड़ी हो गई है।

पौधारोपण के बाद सभी पौधों की हो जियो टेगिंग

विदिशा। समीक्षा बैठक में आगामी पौधरोपण अभियान की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पौधरोपण के लिए आवश्यक पौधों की व्यवस्था वन विभाग तथा उद्यानिकी विभाग की नर्सरियों से ही की जाए। उन्होंने विभागवार पौधरोपण के लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि पौधरोपण से पूर्व सभी विभाग यह जानकारी अंकुर एवं वायुदूत पोर्टल पर दर्ज करें कि पौधे किस स्थान पर लगाए जाएंगे। इसके पश्चात पौधरोपण की अद्यतन स्थिति, जियो टैग्ड फोटोग्राफ्स सहित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गत वर्ष लगाए गए पौधों की वर्तमान स्थिति का उल्लेख विशेष रूप से रिमार्क कॉलम में किया जाए, ताकि पौधों के संरक्षण और जीवित रहने की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

जिले में अब तक 112.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई

विदिशा। जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती सविता पटेल ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर सोमवार 29 जून की प्रातः आठ बजे 5.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पटेल ने बताया कि आज सर्वाधिक वर्षा लटेरी तहसील में 35.2 मिमी दर्ज हुई है जबकि सबसे कम विदिशा में एक मिमी तथा अन्य तहसीलो में दर्ज हुई वर्षा तदानुसार बासौदा में 3.8 मिमी, सिरोंज में सात मिमी, नटेरन में पांच मिमी, तथा पठारी तहसील में 6.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। कुरवाई, ग्यारसपुर, गुलाबगंज एवं शमशाबाद तहसील में वर्षा नगण्य रहीं। जबकि आज दिनांक तक जिले की तहसीलो में दर्ज वर्षानुसार विदिशा में 102 मिमी, बासौदा में 128.8 मिमी, कुरवाई में 82.2 मिमी, सिरोंज में 127 मिमी, लटेरी में 169 मिमी, ग्यारसपुर में 81 मिमी, गुलाबगंज में 63 मिमी, नटेरन में 186 मिमी, शमशाबाद में 76 मिमी तथा पठारी तहसील में 106 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 112.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, स्वच्छ पेयजल सभी को मिले

आरओ प्लांटों की होगी व्यापक समीक्षा सूची संबंधित विभागों को सौंपने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्वच्छ पेयजल सप्लाई करने वाले आरओ प्लांट संचालक अब प्रशासन की नजर में रहेंगे। प्रशासनिक अधिकारी पेयजल की गुणवत्ता से लेकर सभी मानकों की जांच अब नियमित रूप से करते रहेंगे।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिले में संचालित आरओ प्लांटों की निरीक्षण रिपोर्ट का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी आरओ प्लांटों की अद्यतन सूची तैयार कर संबंधित एसडीएम, नगरीय निकायों के अधिकारियों तथा ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि विभिन्न विभागों के स्तर पर आवश्यक जांच, सत्यापन एवं निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



विदिशा। टीएल बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिले के अनेक क्षेत्रों में आरओ प्लांटों के माध्यम से नागरिकों को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में इन प्लांटों की कार्यप्रणाली, जल गुणवत्ता, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा संचालन संबंधी मानकों की नियमित समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए आरओ प्लांटों के संचालन से जुड़े सभी पहलुओं का गंभीरता से परीक्षण किया जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा करते हुए यह मार्गदर्शन दिया कि निरीक्षण के समय किन-किन बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जानी है। उन्होंने आरओ प्लांटों की स्थापना संबंधी अनुमतियां, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, जल स्रोत, जल गुणवत्ता परीक्षण, संचालन एवं रखरखाव व्यवस्था, पेयजल वितरण प्रणाली तथा अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक जानकारियों के संकलन पर विशेष बल दिया। समीक्षा बैठक के अंत में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समस्त अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर अपने अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

औपचारिक न रहे प्लांटों का निरीक्षण

विदिशा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निरीक्षण प्रक्रिया केवल औपचारिकता न बनकर वास्तविक स्थिति का तथ्यात्मक मूल्यांकन करने वाली हो। प्रत्येक आरओ प्लांट का भौतिक सत्यापन कर उसकी कार्यक्षमता, उपयोगिता और निर्धारित मानकों के अनुपालन की जानकारी संकलित की जाए। जहां भी अनियमितताएं या कमियां पाई जाएं, वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आरओ प्लांटों की सतत निगरानी की व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सके।

स्कूल परिसर में ही संचालित हो आंगनबाड़ी

अब नए आंगनबाड़ी भवन स्कूल परिसर में बनाए जाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले में निर्मित किए जाने वाले सभी नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर स्कूल परिसरों में ही कराया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के लिए आवश्यक भूमि आबंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय के माध्यम से ऐसे स्थलों का चयन किया जाए, जहां बच्चों एवं हितग्राहियों को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि वर्तमान में निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को यथाशीघ्र शासकीय रिक्त भवनों में स्थानांतरित किया जाए। इस कार्य में शासकीय स्कूल भवनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।


वर्षाकाल में अवकाश पर प्रतिबंध

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वर्षाकाल के दौरान आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। टीएल बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बारिश के मौसम में राहत एवं बचाव कार्यों, सड़क संपर्क, जलभराव सहित आवश्यक सेवाएं जरूरी हैं। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें तथा बिना अनुमति अवकाश पर न जाएं। कोई भी अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। मुख्यालय छोड़ने से पहले अवकाश स्वीकृति के लिए अपर कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को अधिकृत किया गया है।

सुआखेड़ी में बनेगा ढाई करोड़ की लागत से सबस्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ग्राम सुआखेड़ी में 33/11 केवी क्षमता के 5 एमवीए विद्युत सब स्टेशन की स्थापना को राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।



सुआखेड़ी में विद्युत सब स्टेशन बनने के बाद आसपास गांवों में लोड और कम वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। यह स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन के आग्रह एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अनुशंसा पर मिली है। इस परियोजना के तहत 1.5 किलोमीटर 33 केवी लाइन तथा 14 किलोमीटर 11 केवी लाइन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए कुल 248.15 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। नवीन विद्युत सब स्टेशन के निर्माण से सुआखेड़ी सहित आसपास के अनेक गांवों को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राशन लेने पहुंचे तो बंद मिली राशन दुकान



विदिशा। शहर के वार्ड नंबर 22 की उचित मूल्य की दुकान से उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल रहा है। वार्डवासियों का आरोप है कि राशन नहीं दिया गया और मशीन पर फिंगरप्रिंट ले लिए हैं। सोमवार को जब बड़ी संख्या में लोग राशन लेने के लिए पहुंचे तो उचित मूल्य की दुकान बंद मिली। सेल्समेन का मोबाइल नंबर बंद बताया जा रहा है। राशन लेने पहुंचे परेशान लोगों ने हंगामा करते हुए मीडिया को बुला लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास संभव

आंगनबाड़ियों के 14 हजार 533 बच्चों ने लिया शासकीय प्राइमरी स्कूलों में शत प्रतिशत प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिले में बाल शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले की समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों से पास आउट हुए बच्चों का कक्षा पहली में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत 14 हजार 533 बच्चों का शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में सफलतापूर्वक दाखिला कराया गया है।

सोमवार को आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस अभियान की प्रगति और उपलब्धियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अभियान के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति पर महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा मैदानी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। डीपीएम विनीता लोढ़ा के अनुसार जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत छह वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिलाया गया है। अभियान के दौरान प्रत्येक बच्चे का सर्वेक्षण कर उसकी शैक्षणिक निरंतरता सुनिश्चित की गई, जिससे कोई भी पात्र बच्चा विद्यालयी शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग विकासखंड एवं संकुल स्तर पर की गई। विभाग द्वारा विकासखंडवार और संकुलवार प्रगति की समीक्षा कर प्रवेश प्रक्रिया को समय पर पूर्ण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा ने बताया कि जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज ऐसे बच्चे जो छह वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए हैं और उन्हें प्राथमिक स्कूलो में दाखिला कराया गया है।


डीपीएम द्वारा दी गई जानकारी इस प्रकार से है। बासौदा में 2026, बासौदा दो में 662, कुरवाई में 1957, ग्यारसपुर में 1282, लटेरी में 1920, नटेरन में 1832, सिरोंज में 1992, विदिशा में 1278 ओर विदिशा अर्बन में 1584 इस प्रकार आंगनबाडी केन्द्रों में दर्ज कुल 14 हजार 533 बच्चों का दाखिला पहली कक्षा में कराया गया है।

ब्लिंकिट स्टोर पर खाद्य टीम ने लिए नमूने

प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में खाद्य सामग्री के सेंपल सील किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खाद्य विभाग की टीम ने रविवार को पुराना हॉस्पिटल रोड पर संचालित ब्लिंकिट स्टोर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग तथा नापतोल विभाग खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं मानकों का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न खाद्य उत्पादों के नमूने एकत्रित किए गए। इनमें अमूल बफैलो मिल्क, अमूल टोंड मिल्क, अमूल लस्सी शुगर फ्री, फॉरच्यून ब्रांड का बेसन तथा फॉरच्यून ब्रांड की सूजी शामिल हैं। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।



जांच के बाद होगी कार्रवाईः निरीक्षण का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सतत निगरानी के लिए इस प्रकार के निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विट्ठलनगर फीडर से सुबह 11 से 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

विदिशा। बिजली कंपनी द्वारा रखरखाव कार्यों के चलते आज मंगलवार को 2 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 11 केवी के विट्ठल नगर फीडर रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इसके चलते संबंधित क्षेत्र में निर्धारित समय के लिए विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कंपनी के अनुसार 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान रायपुरा, पेड़ी चौराहा ,पेड़ी खाई रोड, मुखर्जीनगर, विट्ठलनगर , बक्सरिया, समर्पित कॉलोनी एवं चोपड़ा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है की आवश्यकता पड़ने पर बिजली कटौती की अवधि में परिवर्तित किया जा सकता है।

बैरसिया रोड स्थित ग्राम बागरी में पचास वर्ष पुराने रास्ते को रोका

बागरी में खेतों पर पहुंचने वाला रास्ता कर दिया है बंद परेशान किसान सरपंच के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम बागरी के किसान बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपने खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते को बंद करने की शिकायत दर्ज कराई।

सरपंच राहुल गुर्जर के साथ पहुंचे किसानों ने प्रशासन को अवगत कराया कि दो वर्ष पूर्व तहसीलदार ने सीमांकन कराने के बाद खेतों तक जाने के लिए रास्ता दिया था। इसमें से कुछ रास्ता निजी जमीन से होकर जाता है। लेकिन इस बार फिर कुछ किसानों ने वर्षों पुराने रास्ते को बंद कर दिया। इससे किसान अपने खेतों तक नहीं पहुंच पाएंगे।



किसान निरंजन सिंह, विजय सिंह, रेवाराम, भीकम सिंह, हर्ष, गब्बर सिंह, मनोज, पूरन सिंह आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर रास्ते को खुलवाने की मांग रखी। किसानों ने इस दौरान रास्ता रोकने वाले किसानों पर जबरिया रास्ता बंद करने का आरोप लगाया। किसानों ने उचित कार्रवाई की मांग रखी है।

छात्रों के जाति प्रमाणपत्र देने में विदिशा आगे

कलेक्टर की पहल पर तहसीलों के चक्कर काटने से बचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिलेभर के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके चलते जिले के करीब 1 लाख से अधिक बच्चों में से 87 हजार से अधिक बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किए जा चुके हैं।

स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से पहले जाति प्रमाण पत्र बनवाने तहसीलों में चक्कर लगाते देखे जाते हैं। इस बार विदिशा के यह अनूठा कार्य कलेक्टर के प्रयासों से हुआ।



जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 25 जून 2026 तक जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत कुल 1 लाख 3 हजार 640 विद्यार्थियों में से 87 हजार 928 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र तैयार किए जा चुके हैं। यह कुल विद्यार्थियों का लगभग 85 प्रतिशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी 15 हजार 712 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाए जाना शेष हैं। इन विद्यार्थियों के लिए तहसील स्तर पर आवेदन प्रक्रिया लगातार संचालित की जा रही है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य में छात्रवृत्ति, शैक्षणिक योजनाओं तथा अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन द्वारा शेष विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। विदिशा तहसील में 13 हजार 446 विद्यार्थियों में से 11 हजार 422 छात्रों के प्रमाण-पत्र तैयार किए जा चुके हैं। शेष 2 हजार 24 विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र बनाए जाना शेष है।

गंजबासौदा, नटेरन, ग्यारसपुर सहित अन्य तहसीलों में दिए जा चुके

बसौदा तहसील में 12 हजार 443 विद्यार्थियों में से 11 हजार 83 तथा त्योंदा तहसील में 4 हजार 166 में से 3211 विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र तैयार किए गए हैं। ग्यारसपुर तहसील में 5 हजार 206 में से 4हजार 313 तथा गुलाबगंज में 3 हजार 256 में से 3 हजार 37 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाए जा चुके हैं। सिरोंज तहसील में 19 हजार 684 विद्यार्थियों में से 17 हजार 984, लटेरी में 16 हजार 601 में से 14 हजार 306 तथा नटेरन में 8 हजार 80 में से 7 हजार 401 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र तैयार किए जा चुके हैं।

शमशाबाद, कुरवाई सहित पठारी तहसीलों में बन चुके हैं प्रमाणपत्र

कुरवाई एवं पठारी तहसीलों में भी कार्य प्रगति पर है। कुरवाई में 9 हजार 487 विद्यार्थियों में से 6 हजार 249 तथा पठारी में 2 हजार 541 में से 1 हजार 298 विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र तैयार किए गए हैं। शमशाबाद तहसील में 8 हजार 730 में से 7 हजार 624 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बन चुके हैं। अभियान के अंतर्गत विभिन्न तहसीलों से कुल 12 हजार 486 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5 हजार 297 आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए तथा 1 हजार 25 छात्रों के जाति प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं।

चेतावनीः शत प्रतिशत शिकायतों का हो निराकरण

सीएम हेल्पलाइनः कलेक्टर सख्त, वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्त ने सख्ती दिखाते हुए साफ कहा कि कोई भी शिकायत नॉनअटेंडेंट न रहे। यदि ऐसा हुआ तो वेतन काटा जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों तथा जिले में संचालित विभिन्न विशेष अभियानों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि एल-1 स्तर पर लंबित एवं नॉन-अटेंडेंट शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसके बाद भी शिकायतें नॉन-अटेंडेंट श्रेणी में पाई जाती हैं तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन कटौती सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-2307
उच्चतम भाव-4490
बटरी
न्यूनतम भाव-3545
उच्चतम भाव-3545
तुअर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
मटर
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3431
चना
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-5681
मसूर
न्यूनतम भाव-5205
उच्चतम भाव-8150
उड़द
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-7590
सरसों
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-7401
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2610
उच्चतम भाव-3145
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7270
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3500
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-7910

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार से डाक नीलामी बंद हो गई है। लेकिन जानकारी के अभाव में आईं कुछ ट्रॉलियों की उपज की व्यापारियों ने नीलामी कर दी। जिससे शुक्रवार को मंडी में कुल 4792.5 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

128.8 मिमी वर्षा दर्ज

गंजबासौदा। अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि गंजबासौदा में 3.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जबकि आज दिनांक तक जिले की तहसीलो में दर्ज वर्षानुसार गंज बासौदा में 128.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 112.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

पुरानी कृषि उपज मण्डी में कराई साफ, सफाई



गंजबासौदा। सोमवार को पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में नपा स्वास्थ्य निरीक्षक धीरज मैना के निर्देशन में नगरपालिका सफाई अमले द्वारा संतोष प्रभारी दरोगा की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से साफ, सफाई कराई गई। इस दौरान एकत्रित कचरे को नपा के ट्रेक्टर,ट्राली से फिकवाया।

महिला की शिकायत पर कपड़ा व्यापारी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के हनुमान चौक निवासी कपड़ा व्यापारी अमित उर्फ राजू वैशाखिया पर पीड़ित महिला की शिकायत शादी का झांसा देकर गलत काम करने पर देहात थाना पुलिस ने धारा 69 बीएनएस, 296(बी), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के हनुमान चौक स्थित कपड़ा व्यापारी अमित वैशाखिया के खिलाफ देहात थाने में कुरवाई निवासी पीड़िता 50 वर्षीय शिक्षिका महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उक्त महिला की शिकायत के अनुसार अविवाहित आरोपी ने महिला को विवाह का झांसा देकर लंबे समय तक महिला का कथित रूप से शोषण कर रहा था, बाद में शादी से मुकर गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला कुरवाई क्षेत्र में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। उक्त आरोपी की हनुमान चौक पर जगदीश मार्किट के पास कपड़ा दुकान संचालित करता है। उधर पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं थाने में मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी व्यापारी दुकान बंद कर फरार हो गया। देहात थाना पुलिस आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने जल संरक्षण का दिया संदेश

जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





मध्यप्रदेश सहित देश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 आयोजित किया जा रहा था। जिसका समापन कार्यक्रम सोमवार को बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत बासौदा के सभागार में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद अध्यक्षा नीतू देवेन्द्रसिंह रघुवंशी, जनपद सदस्य धीरजसिंह, मनोज अहिरवार, सहायक यंत्री एसएन भार्गव सहित जनपद स्टॉफ मौजूद रहा। ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा खेत तालाब निर्माण कार्य में किए गए उत्कृष्ट कार्य पर उन्हे प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत स्यारी, नौघई, अंबानगर, बारोद एवं मेहमूदा के हितग्राही सम्मानित हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सहायक यंत्री एसएन भार्गव द्वारा किया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्षा नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि "जल ही जीवन है" और इसके संरक्षण के बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। समापन कार्यक्रम में अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई, जिसमें तालाबों का जीर्णोद्धार, कुओं की सफाई, वर्षा जल संचयन, एवं जल स्रोतों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहे। राज्य में चल रहे ऐसे अभियानों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया है और भूजल स्तर सुधारने में भी मदद की है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नागरिकों को सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाने का संकल्प कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। देश में जल संचयन और संरक्षण के लिए चल रहे प्रयासों के तहत लाखों जल संरचनाएं बनाई जा चुकी हैं, जिससे यह अभियान एक व्यापक जन आंदोलन बनता जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संदेश दिया कि "हर बूंद की कीमत समझें और जल बचाएं", ताकि भविष्य सुरक्षित रह सके।

दूसरे दिन घर-घर पहुंचकर पिलाई पोलियो की दवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीमें घर-घर पहुंचकर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाने का कार्य किया गया। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा पोलियो की जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए। इसी क्रम में मोबाइल टीम के फील्ड वर्कर ने प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर उन बच्चों का सर्वे एवं ट्रैकिंग की, जो अभियान के पहले दिन किसी कारणवश पोलियो बूथों तक नहीं पहुंच पाए थे। टीम द्वारा ऐसे परिवारों से संपर्क कर बच्चों को उनके घर पर ही पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 9 पचमा बायपास क्षेत्र में आंगनवाड़ी सहायका द्वारा घर-घर पहुंचकर पोलियो की खुराई पिलाई गई। रविवार को 13832 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई थी जबकि सोमवार को दूसरे दिन 1831 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। दो ट्रांजिस्ट टीम बनाई गईं थी, एक टीम को बस स्टेण्ड क्षेत्र में तथा दूसरी टीम को रेल्वे स्टेशन पर तैनात किया गया था। जहां टीम द्वारा आने जाने वाले राहगीर, रेल, बस यात्रियों के शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

यातायात पुलिस ने गंज पर चलाया वाहन चैकिंग अभियान



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को गंज के पास वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठे पाए जाने, बगैर नंबर प्लेट वाले वाहनों की जांच की। इस दौरान ड्रायविंग लायसेंस, वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान 12 दो पहिया वाहन चालकों पर 3600 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल गया गया।

पुलिस ने दी 1930 हेल्पलाइन व शिकायत प्रक्रिया की जानकारी

तेजी से बढ़ते साइबर अपराध का प्रभावी उपाय सिर्फ जागरुकताः एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने गांव-गांव पहुंचकर जागरूकता की नई मुहिम छेड़ दी है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में 24 जून से 8 जुलाई तक चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत रविवार को जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में साइबर चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपनी-अपनी पुलिस टीम के साथ गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। चौपालों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए हथकंडों की जानकारी दी गई और उन्हें सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण नागरिकों को फर्जी फोन कॉल, सोशल मीडिया पर वायरल भ्रामक संदेश, किसान सम्मान योजना के नाम पर की जाने वाली धोखाधड़ी, फर्जी लोन ऑफर, नकली फसल बीमा योजनाएं, ओटीपी और बैंक खाते की जानकारी मांगने वाले साइबर ठगों से बचने के उपाय विस्तार से बताए। साथ ही समझाया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल पर आए संदिग्ध संदेशों पर भरोसा न करें और अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा न करें।

चौपाल में ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि यदि वे किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो जाएं तो घबराने के बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एनसीआरपी पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर आर्थिक नुकसान को रोका जा सके। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद में हुआ खूनी संघर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा तहसील के ग्राम रिटेहरी में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया जो इतना बड़ा की खूनी संघर्ष संघर्ष में बदल गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक पक्ष के अरविंद रघुवंशी, लालू रघुवंशी, प्रवेन्द्र रघुवंशी, शिवम रघुवंशी तथा दूसरे पक्ष के शिवराज सिंह रघुवंशी, कैलाश रघुवंशी, रामस्वरूप रघुवंशी को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय विदिशा रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

अधेड़ ने लगाई फांसी

गंजबासौदा। ग्राम अमारी में सोमवार को 50 वर्षीय ग्रामीण पर्वत सिंह लोधी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने त्योंदा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव को फांसी के फंदे से उतारा और जीरो पर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ काटा केक

कीर्तिमान और जन्मदिन का जश्न एक साथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सेवा, समर्पण, कीर्तिमान और पारिवारिक आत्मीयता की अनूठी मिसाल रविवार को उस वक्त देखने को मिली जब जन्मदिवस मना रहे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच जाकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने आत्मीय वातावरण में उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक काटकर पुलिसकर्मियों का मुंह मीठा कराया गया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में लगातार 8वीं बार प्रदेश में अव्वल आने पर सामूहिक रूप से संपूर्ण पुलिस स्टॉफ का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी संगठन की महत्वपूर्ण शक्ति है। उनका मनोबल, समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा ही बेहतर पुलिसिंग की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख और उपलब्धियों में सहभागी बनना संगठन को और अधिक मजबूत बनाता है। कार्यक्रम के दौरान ही एक और बड़ी उपलब्धि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण में पुलिस ने द्वारा आठवीं बार प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का जश्न भी मनाया गया। इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे पूरी टीम की एकजुटता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम बताया।

उपलब्धि की खुशी में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मुंह मीठा कराया गया। एसपी ने उन्हें भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता और उत्कृष्ट कार्यशैली के साथ आमजन की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और संतुष्टिपूर्ण निराकरण ही पुलिस और जनता के बीच विश्वास की सबसे मजबूत कड़ी है।

वार्ड में रेस्टोरेशन का कार्य किया गया



गंजबासौदा। नगर के वार्ड क्रमांक एक राम नगर कॉलोनी की गलियों में नगरपालिका द्वारा नल कनेक्शन लगने के उपरांत रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है। जिससे यहां के रहवासियों को गलियों से आवागमन के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े।

फागिंग मशीन से धुएं के छिड़काव की मांग

गंजबासौदा। नगर के पाराशरी नदी किनारे के वार्डों की रहवासी तथा निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां के रहवासियों ने बताया कि शाम होते ही उन्हे अपने अपने घरों के मुख्य दरवाजे, खिड़कियां बंद करना पड़ते है। नागरिकों ने नगरपालिका से वार्डों की गलियों, नाले, नालियों में कीटनाशक एवं मच्छर मार दवा एवं फागिंग मशीन से धुंए का छिड़काव कराए जाने की मांग की है। जिससे वार्डवासियों को मच्छर, मक्खियों से निजात मिल सके।

स्वयं जागरुक बनें और दूसरों को भी जागरुक बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



आम जनता में साइबर क्राइम को लेकर जन जागरण करने साइबर सुरक्षा जागरण अभियान सेल्फ क्लिक 2026 के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी में पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस अवसर पर ग्रामीणजनों, युवाओं, बच्चों को जन जागरण करते हुऐ प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया आमजन को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने और जागरूक करने के लिए सेफ क्लिक-2026 (2.0) राज्यव्यापी साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में आरंभ किया गया। यह एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम अभियान है जिसकी अवधि 24 जून से 8 जुलाई तक है। इसका उद्देश्य स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें की भावना के साथ आम जनता को साइबर स्वच्छता के बुनियादी प्रोटोकॉल सिखाना है । जनशिक्षक समीर याज्ञनिक, अमित श्रीवास्तव, अविनाश कटारिया ने बताया इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, पुलिस या जांच अधिकारी बनकर डराने-धमकाने वाले फर्जी कॉल्स, केवाईसी और ओटीपी फ्रॉड , बैंक डिटेल्स, पासवर्ड या ओटीपी कभी भी किसी के साथ साझा न करे समझाया जा रहा है साथ ही निवेश और लॉटरी धोखाधड़ी, लालच देकर या फर्जी तरीके से वित्तीय निवेश और लॉटरी के नाम पर पैसे ठगना। मैलवेयर और फर्जी लिंक्स, अज्ञात स्रोतों (अज्ञात नंबरों या ईमेल) से आए संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करना भी सिखाया जा रहा है । पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह लोधी , मोनिका विजोले ने सभी से आग्रह किया, यदि कोई व्यक्ति किसी साइबर अपराध का शिकार हो जाता है, तो समय पर त्वरित कार्रवाई करना ही बचाव है, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन तुरंत 1930 डायल करें। अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए National Cyber Crime Reporting Portal का उपयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट I4C Portal पर भी करें।

खबर संक्षेप

बाजार में मारपीट व गुंडागर्दी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। सोमवार की दोपहर लगभग 02.15 बजे फरियादी अनिकेत पिता कुबेर सिंह लोधी निवासी धामनोद द्वारा थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई की वह अपने दोस्त शिवकांत के साथ कस्बा हैदरगढ़ के बाजार में कटिंग करवाने के लिये जा रहे थे। तभी ग्राम बूढ़ा बासोदा के रहने वाले गनेशराम कुशवाह ने अपने साथियों आदेश कुशवाह और रूपसिंह कुशवाह तथा दो विधि विरूद्ध बालकों के साथ पुरानी रंजिश पर से रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुये। बाजार में डंडे से मारपीट की रिपोर्ट पर से थाना हैदरगढ़ में धारा 296(बी), 115(2), 351(3),3(5), 126(2), 324(2) की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना हैदरगढ़ पुलिस ने आरोपियों की त्वरित पतारसी के प्रयास किये गये जो कि कुछ ही समय में आरोपीगणों गनेशराम कुशवाह, आदेश कुशवाह, और रूपसिंह कुशवाह की पतारसी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है ।

सिविल अस्पताल में एक्सरे ऑपरेटर नही होने से मरीज हो रहे परेशान

नलखेड़ा। स्थानीय सिविल अस्पताल में एक सप्ताह से भी अधिक समय से एक्सरे ऑपरेटर का पद रिक्त होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय सिविल अस्पताल में पदस्थ एक्सरे ऑपरेटर का ट्रांसफर हो जाने के बाद नवीन पदस्थापना नही होने से एक्सरे ऑपरेटर का पद गत दस दिनों से रिक्त पड़ा है। एक्सरे ऑपरेटर नही होने से सिविल अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को या तो बाजार में निजी पैथोलॉजी पर एक्सरे करवाना पड़ रहे है या उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर किया जा रहा है। मरीजों पर आर्थिक बोझ बढने के साथ ही उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अवैध स्कूल वाहनों पर यातायात पुलिस का विशेष अभियान

स्कूली वाहनों की जांच में 8 वाहनों पर कार्रवाई

बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा : यातायायात प्रभारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन सुरक्षित बचपन सुरक्षित सड़क के तहत यातायात पुलिस द्वारा विशेष स्कूल वाहन सुरक्षा जांच एवं यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी श्रीमती सोनू डाबर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला के नेतृत्व में ईशान इंटरनेशनल स्कूल एवं संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में आयोजित किया गया।

इस मौके पर अभियान के दौरान स्कूल बस, वैन, ऑटो एवं अन्य स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई। साथ ही वाहनों में सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 08 वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कुल 9 हजार रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही संबंधित वाहन चालकों को भविष्य में नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश भी दी गई।

विद्यार्थियों को दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

इस अवसर पर यातायात प्रभारी रीतेष बघेला द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, यातायात संकेतों के पालन तथा सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को अपने परिवार एवं समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि कुछ रुपये बचाने के लिए बच्चों की सुरक्षा से समझौता न करें। बच्चों को ऐसे वाहनों में स्कूल भेजने से बचें जिनमें क्षमता से अधिक बच्चे बैठाए जाते हों अथवा जिनके आवश्यक दस्तावेज पूर्ण न हों। सुरक्षित वाहन का चयन प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है।

वाहन चालकों को दी गई विशेष हिदायत

वही बारिश के मौसम को देखते हुए सभी स्कूल वाहन चालकों को वाहनों में मजबूती जाली और वर्षा से बचाव की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वाहन चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि वाहन चलाते समय अथवा बच्चों के सामने किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि का सेवन पूर्णतः वर्जित है। यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यातायात प्रभारी ने शासन द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें राह-वीर योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले नागरिकों को कानूनी संरक्षण एवं सम्मान दिया जाता है। कैशलेस उपचार योजना, जिसमें दुर्घटना के बाद शगोल्डन ऑवरश में पात्र घायलों को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हिट एंड रन प्रतिकर योजना, अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पात्र पीड़तों एवं उनके आश्रितों को शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित विद्यालय पहुंचाना एवं सुरक्षित घर वापस लाना है। बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अखिल भारतीय कोली समाज

धूमधाम के साथ मनाई संत कबीर की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के बडापुरा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में अखिल भारतीय कोली समाज द्वारा श्री सदगुरू कबीर साहेब का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का प्रमाण पत्र व शील्ड देकर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही समिति के सदस्यो का छात्रों को भविष्य आगें बढकर इसी तरफ समाज व अपने माता पिता का नाम रोषन करने हेतु प्रेरित किया गया। कबीर जंयती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में षिक्षक माधो प्रसाद पंथी ने कहा कि संत कबीर ने हमेशा इंसानियत को सर्वोपरि समझा। कबीर दास ने उस समय सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जब समाज सैकड़ों कुरीतियों की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। उनका मानना था कि इंसान जाति, धर्म, वर्ण या वर्ग से नहीं बल्कि अपने गुणों से बनता है।



महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य यह है कि आने वाली पीढ़ी अच्छे विचारों को अपने जीवन में धारण करें। वही डॉ सुनील पंथी ने कहा कि सभी धर्म, जाति व समुदायों की धारा भले ही अलग-अलग हो, लेकिन सभी का रास्ता मानवता की ओर जाता है। अपने देश में जितने भी ऋषि-मुनि व महापुरुष हुए हैं, उन सभी ने मानवता का पाठ पढ़ाया है। संत कबीर ने सभी धर्मों को एक सूत्र में बांधने का काम किया। अपने जीवनकाल में कई सामाजिक बुराइयों पर जमकर प्रहार किया। इस मौके पर कार्यकारिणी समिति से रमेश पंथी,देवेंद्र कुमार पंथी, शिवचरण पंथी,प्रमोद पंथी,कैलाश पंथी,घनश्याम पंथी,डॉ वृन्दावन पंथी आदि मौजूद रही।

श्री 1008 मुनिसुब्रत नाथ धाम छत्री जैन मंदिर पहुचकर सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंषी ने किए प्रभु के दर्षन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

श्री 1008 मुनिसुब्रत नाथ धाम छत्री जैन मंदिर पर सांसद प्रतिनिधि मानसिंह रघुवंशी बगरोदा वालों ने मंदिर में पहुचकर प्रभु के दर्शन किए एवं मंदिर देखकर आश्चर्यचकित हुए भगवान जी का आभामंडल को देख उन्होने कहा कि आज तक इतनी सुंदर प्रतिमा उन्होने कही नहीं देखी। यह बात सांसद प्रतिनिधि द्वारा अपने मुखारविंद से कहीं। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष द्वारा उनका सम्मान भी किया गया। इस दौरान मंदिर के अध्यक्ष अतुल जैन,विजय जैन,सीटू भाई दालमील,सौरभ जैन गुलाबगंज,संजू रैकला नीरज जैन उपस्थित रहे।

सेफ क्लिक 2.0 के 5वें दिवस दीपनाखेडा में पुलिस ने नागरिक हुए जागरूक



सिरोंज। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में संचालित 15 दिवसीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के पांचवें दिवस पुलिस द्वारा ग्रामो में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के अंतर्गत लगभग दर्जनो नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान थाना दीपनाखेड़ा द्वारा बस स्टैंड पर यात्रियों एवं दुकानदारों के बीच पहुचकर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें आमजन को साइबर अपराधों की पहचान एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज, लिंक अथवा ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतें। यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

नपा अध्यक्ष नेहा पर एफआईआर का विरोध महिलाओं ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



देवरी नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश पर महिला पार्षद की शिकायत पर देवरी पुलिस थाने में दर्ज किये गये मामले के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने बिना जांच प्रकरण दर्ज किये जाने का विरोध दर्ज करते हुए एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौपकर मामले जांच एवं प्रकरण रद्ध किये की मांग की। ज्ञापन में पूरे मामले को गंदी राजनीति और राजनैतिक द्वेष से प्रेरित बताया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि नगर के कुछ पार्षदों एवं क्षेत्रीय विधायक द्वारा राजनैतिक दुर्भावना के चलते देवरी थाने में आधारहीन आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाकर नेहा अलकेश जैन का राजनैतिक जीवन समाप्त करने का प्रयास कर रहे है। ज्ञापन में बताया गया कि देवरी थाना पुलिस द्वारा जैन पर दर्ज किये गये प्रकरण में महिला पार्षद द्वारा आरोपित किया गया है कि पीआईसी की बैठकों में पार्षद के हस्ताक्षर अध्यक्ष बनाकर लाभ प्राप्त किया गया है। परंतु थाना पुलिस द्वारा इस संवेदनशील मामले में नगर पालिका अध्यक्ष के हस्ताक्षर नमूना लिये बगैर ही आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया जो पुलिस प्रशासन की पक्षपात पूर्ण मंशा उजागर करता है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश एवं केन्द्र की सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए चलाये जा रहे अभियानों के बाद भी कई ग्रामीण एवं नगरीय

निकायों में उनके पति एवं परिजनों का बोलबाला है। जो महिला के स्थान पर उपस्थिति दर्ज करवाते है और उनके हस्ताक्षर करते है। ज्ञापन में बताया गया कि रिर्पोटकर्ता महिला पार्षद द्वारा अन्य पार्षदों के साथ अध्यक्ष के विरूद्ध की गई शिकायतों में जो हस्ताक्षर किये गये है वो पीआईसी की बैठकों के हस्ताक्षर नमूनों से मेल खाते परंतु स्थानीय पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध करने से पूर्व समस्त तथ्यों को दरकिनार कर मनमाफिक कार्रवाई की गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि नेहा अलकेश जैन को पद से हटाने के लिए अनेकों षड़यंत्र किये जा चुके है। जिसमें झूठे आरोप, फर्जी जांच के साथ ही खाली कुर्सी-भरी कुर्सी चुनाव शामिल है। ज्ञापन में मांग की गई कि श्रीमति नेहा अलकेश जैन विरूद्ध राजनैतिक द्वेष के चलते दर्ज कराये गये प्रकरण वापिस लिये जाये। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाये एसडीएम कार्यालय पहुँची और हाथ में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री से मामले में जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

विद्यालय में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित

गढ़ाकोटा। स्थानीय सांदीपनि साबूलाल विद्यालय में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने एवं डिजिटल सुरक्षा की जानकारी देने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सहायक उप निरीक्षक विमल कुमार बुनकर ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और विशेष रूप से युवा वर्ग साइबर ठगों के निशाने पर रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंक संबंधी जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, ओटीपी, सीवीवी या पासवर्ड साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें।उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत करे।

अनिश्चितकालीन धरना 8वें दिन भी निरंतर जारी

सागर। नगर पालिक निगम के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सभी कर्मचारी संगठनों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन सोमवार को 8 वें दिन भी जारी रहा। पुरानी निगम कार्यालय भवन परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संगठन पदाधिकारी एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव मौजूद थे।

आईटीआई रहली का कॅरियर मार्गदर्शन का आयोजन

रहली। सांदीपनि विद्यालय रहली में शासकीय आई टी आई रहली के शिक्षक उमेश कुमार कुर्मी द्वारा कैरियर काउंसलिंग के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को आई टी आई में संचालित कोर्सेस के बारे में विस्तृत जानकारी द्वारा दी गई।

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्यारसपुर, जिला - विदिशा (म.प्र.)

क्र./ स्था/1190 विज्ञप्ति ग्यारसपुर दिनांक 27.06.2026

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्यारसपुर में वर्ष 2026-27 हेतु जी.एस.टी. धारी फर्म से निम्न कार्यों हेतु कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती हैं-

1. डाईट किराना सामग्री
2. अमूल गोल्ड दुध पैकेट
3. स्टेशनरी के सामान हेतु
4. इलेक्ट्रिक सामग्री
5. कम्प्युटर सामग्री एवं रिपेयरिंग
6. सब्जी एवं फल हेतु

नोट- 1. विज्ञप्ति प्रकाशन के चार दिवस में कोटेशन कार्यालय में जमा करें।
2. संबंधित फर्म का जीएसटी सर्टिफिकेट एवं बैंक के खाते में आधार कार्ड एवं पेन कार्ड लिंक होना अनिवार्य है, सबकी प्रतिलिपि संलग्न करें।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामु. स्वा. केन्द्र ग्यारसपुर

कार्यालय प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा

डाईस कोड -23310723116 Email - excellenceschoolvidisha@gmail.com
क्रमांक / निविदा आमंत्रण सूचना/2026/133 विदिशा दिनांक 27.06.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

शासकीय उत्कृष्ट बालक / बालिका छात्रावास विदिशा में सत्र 2026-27 में प्रतिमाह भोजन किराना सामग्री कॉस्मेटिक सामग्री साफ सफाई दूध सब्जी आदि सामग्री प्रदाय करने हेतु ऑफलाइन निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रदाय की जाने वाली सामग्रीयों की सूची एवं निविदा की शर्तें कार्यालयीन समय में शास. उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय सांची रोड विदिशा के कार्यालय में आकर नगद 100/- रुपए जमा करके प्राप्त की जा सकती है।

1.	ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र मूल्य रू 100	दिनांक 01/07/26 को प्राप्त 11:00 से 04:00
2.	ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि	दिनांक 03/7/26 को प्राप्त 11:00 से 04:00
3.	ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 03/7/26 को प्राप्त 11:00 से 04:00
4.	प्राप्त ऑफ लाईन निविदा को खोलने की तिथि	दिनांक 04/7/26 को प्राप्त 11:00 से 04:00
5.	प्राप्त ऑफ लाईन निविदा को खोलने का स्थान	प्राचार्य कक्ष शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. विदिशा निविदाकारो की उपस्थिति अनिवार्य है।

प्राचार्य
शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि.
विदिशा

शराबबंदी का प्रस्ताव पारित महिलाओं ने एकजुट होकर उठाई आवाज



गढ़ाकोटा। सागर जिले की ग्राम पंचायत परासिया में आयोजित ग्रामसभा की बैठक में सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। बढ़ती शराबखोरी से परेशान ग्रामीण महिलाओं ने एकजुट होकर न केवल अपनी आवाज बुलंद की, बल्कि पंचायत क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित करवा लिया। ग्रामसभा में बड़ी संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान महिलाओं ने गांव में पैर पसार रही शराब की लत से उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि शराब के कारण घरों में रोज कलह और घरेलू हिंसा हो रही है। गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा शराब में बह जाने के कारण परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, और सबसे चिंताजनक बात यह है कि गांव के युवाओं का भविष्य भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस को भेजी जाएगी रिपोर्ट बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने एक सुर में परासिया पंचायत क्षेत्र को नशामुक्त बनाने की मांग की। ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत अब इस निर्णय को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को भेजा जाएगा।

// जाहिर सूचना //

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार ने आप अनुबंधकर्ता श्रीमति गरिमा शर्मा पुत्री श्री रघुराजकृष्ण शर्मा निवासी श्रृदानंद पथ आर्य समाज मंदिर के पास बड़ाबाजार विदिशा के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक दो मंजिला मकान जो मोका पर 18 फिट वाय 40 फिट कुल 720 वर्गफिट यानी 66.91 वर्गमीटर स्थित ग्राम टीलाखेडी वार्ड नं0 39 अंदर सीमा नगरपालिका विदिशा में सर्वे नं0 73/2/1/1 का अंश भाग का भूखण्ड क्रमांक जे-11 जिसकी चतुरसीमाए पूर्व में 25 फिट चोडा रोड, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक जे-4, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक जे-12, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक जे 10 स्थित है को क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक व्याना राशि का भुगतान कर दिया है उपरोक्त वर्णित मकान के सबंध में किसी भी व्यक्ति एवं शासकीय बैंक वित्तीय संस्था फर्म सोसायटी व गैर सरकारी कार्यालय का ऋण भार बकाया हो या कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कही विक्रय अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, वसीयत, दान पत्र, वंधक गिरवी हिबा हस्तांतरण इत्यादि हुआ हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा जाहिर सूचना की सम्यावधि पूर्ण होने के उपरांत मेरी पक्षकार उक्त अनुबंधित मकान /सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगी तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः- 29/06/2026

भवदीय
राजकुमार तिवारी एडवोकेट कार्यालय
वैशाली नगर विदिशा म0प्र0
मो0नं0-9993378155









सुप्रीम कोर्ट के आदेश की हो रही अवहेलना, बाजार में पैदल चलना हुआ दूभर

फुटपाथ पर वाहनों का कब्जा, बची जगह पर दुकानदारों ने सामान रखकर किया अतिक्रमण

कानून : सुप्रीम कोर्ट दिल्ली ने फुटपाथ पर चलना लोगों का अधिकार माना।
हकीकत : सुबह फुटपाथ दिखते हैं, दिन में अतिक्रमण से हो जाते हैं गायब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में फुटपाथ पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं, लेकिन रायसेन शहर में अधिकांश फुटपाथ अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और दुकानों के सामान से घिरे हुए हैं। सुबह बाजार खुलने से पहले तक फुटपाथ दिखाई देते हैं, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, उन पर दुकानों का सामान, वाहन और अस्थायी कब्जे हो जाते हैं। परिणामस्वरूप पैदल राहगीरों को सड़क पर चलना पड़ता है।जिससे दुर्घटना और जाम का खतरा लगातार बना रहता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट किया है कि फुटपाथ पर सुरक्षित चलना नागरिकों का अधिकार है।लेकिन शहर में इस अधिकार का पालन होता दिखाई नहीं देता। नगर पालिका परिषद और सिटी यातायात पुलिस समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाती रही हैं, मगर स्थिति में स्थायी सुधार नहीं हो सका है।





इंडियन चौराहे से महामाया चौक तक अधिक समस्या

इंडियन चौराहे से महामाया चौक तक का मार्ग शहर का सबसे व्यस्त बाजार क्षेत्र है। कृषि उपज मंडी और प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कारण यहां दिनभर यातायात का दबाव बना रहता है। दुकानों के बाहर सामान सजाने और फुटपाथ पर कब्जे के कारण राहगीरों के लिए चलना मुश्किल हो जाता है।

तिराहों व चौराहों पर भी कब्जा

रायसेन शहर के महामाया चौक, पाटनदेव मार्ग और सागर-भोपाल तिराहे, गल्ला मंडी मोड़ सहित नगर के कई स्थानों पर फुटपाथों पर दुकान का सामान फैला रहता है। इससे यात्रियों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती।

फुटपाथ पर ही खड़े हो रहे वाहन

शहर के कई हिस्सों में चारपहिया और दोपहिया वाहन घंटों फुटपाथ पर खड़े रहते हैं। इंडियन चौराहे से श्रीराम गेट तक दोनों ओर अव्यवस्थित पार्किंग आम बात है। इससे सड़क संकरी हो जाती है और बार-बार जाम लगता है। लोगों का कहना है कि ऐसे वाहन चालकों पर नियमित चालानी कार्रवाई होनी चाहिए। सुबह दिखाई देने वाले फुटपाथ दोपहर तक अतिक्रमण में गुम हो जाते हैं। राहगीरों को सड़क पर चलना पड़ता है। जबकि अभियान चलने के बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है।

इनका कहना है

शहर में यातायात व्यवस्था को लगातार सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल महामाया चौक मार्केट के सामने पीडब्ल्यूडी के अधूरे नाले के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। ट्रैफिक सिस्टम सुधारने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

- **लता मालवीय,** सिटी ट्रैफिक प्रभारी, रायसेन

गंजबाजार मार्ग पर अवैध गैराज, गोदाम

शहर के गंजबाजार मार्ग पहले से ही संकरा है। बची हुई फुटपाथ की जगह पर अवैध गैराज, गोदाम और अन्य अतिक्रमण होने से दिनभर जाम की स्थिति बनती रहती है। डेढ़ वर्ष पहले चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान अब ठंडे बस्ते में चला गया है।

मालवाहक वाहनों से बिगड़ रही व्यवस्था

सागर-भोपाल स्टेट हाईवे और भोपाल-कानपुर कॉरिडोर से जुड़े होने के कारण शहर में भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। कई माल वाहक वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है। रविवार के हाट बाजार में स्थिति और गंभीर हो जाती है।

टीएल बैठक में कलेक्टर का सख्त रुख

शिकायतें गलत तरीके से बंद होने पर अधिकारियों को लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार सुबह आयोजित टीएल (समय-सीमा) बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने शासन की योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम तथा विभिन्न विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन की 8 शिकायतें निम्न गुणवत्ता के साथ बंद पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने सभी जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का गंभीरता और जवाबदेही के साथ प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि समय-सीमा से पहले ही लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा सभी एसडीएम को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजा जाए। उन्होंने धारणाधिकार से संबंधित लंबित आवेदनों पर भी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, सीईओ कमल सोलंकी एसडीएम मनीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पेंशनरों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

रायसेन। प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन रायसेन अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार तीस जून को नर्मदा गैलेक्सी, गोटी ढाबा विदिशा रोड रायसेन पर दोपहर दो बजे महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधारी लाल शाक्य के नेतृत्व मे दोपहर तीन दोपहर तीन बजे गोटी ढाबा के पास से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन पहुंचेंगे । यहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने अवगत कराते हुए बताया कि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत धारा 49 समाप्त करने सहित लंबित मांगों पर पेंशनर्स का चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी है। इस के प्रथम चरण में 10 जून को जिले की समस्त तहसीलों में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपे गये थे।

सिलवानी के विशु बैडमिंटन प्रतियोगिता में बने चैंपियन

सिंगल्स का खिताब जीता, डबल्स में रहे उप विजेता, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

जिला मुख्यालय स्थित खेल परिसर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय सिंगल्स एवं डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य डॉ. संध्या जैन एवं डॉ. सुनील जैन ने किया।

प्रतियोगिता में सिलवानी, देवरी, बेगमगंज और रायसेन के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिंगल्स वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सिलवानी के विशु जैन ने रायसेन के सचिन को लगातार दो सेटों में पराजित कर जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं डबल्स वर्ग में रायसेन के सचिन और जोंटी की जोड़ी ने सिलवानी के मुस्तकीम अहमद एवं विशु जैन को हराकर



खिताब अपने नाम किया। वेटरन 45 प्लस वर्ग में बेगमगंज के शाहिद कुरेशी एवं अमित श्रीवास्तव की टीम ने रायसेन के डॉ. जैन की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समापन पर डॉ. सौरभ जैन, दीनानाथ श्रीवास्तव एवं मोहम्मद तारिक ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में अंकित कुशवाह एवं सचिन मेहर का विशेष योगदान रहा।

नर्सरी क्लास के कोर्स के नाम पर लूट, बिल मांगने पर दुकानदार ने की बदसलूकी

प्रायवेट स्कूल के डायरेक्टर की शर्मनाक करतूत फीस के लिए पीड़ित पालक से फोन पर अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर के जुझारपुर रोड़ स्थित एक निजी स्कूल के डायरेक्टर द्वारा सारी हदें पार करने का मामला सामने आया है। एक पालक को उसने गालीगलोच भी की। जिससे अभिभाषकों में स्कूल डायरेक्ट के प्रति आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लिखित शिकायत कर उसके कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग।

अधिकांश अभिभावकों ने बताया कि शिक्षा को व्यापार और स्कूल को 'लूट का अड्डा' बना चुके। निजी स्कूल संचालकों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे पालकों से गाली-गलौज और अभद्रता करने पर उतारू हैं।

ऐसा ही एक मामला गैरतगंज के निजी स्कूल से सामने आया है, जहां स्कूल प्रबंधन और साठगांठ वाले दुकानदार की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाने पर एक पीड़ित पिता



को अपमानित होना पड़ा। स्कूल के डायरेक्टर की इस मनमानी के बाद क्षेत्र के पालकों में भारी उबाल है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, निजी के नर्सरी कक्षा के कोर्स की कीमतों में इस वर्ष अप्रत्याशित और अत्यधिक वृद्धि की गई है। जब एक पालक ने इसका विरोध किया और संबंधित दुकानदार से पक्का बिल मांगा, तो दुकानदार ने बदसलूकी शुरू कर दी। जब पीड़ित पालक ने इसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन से करनी चाही, तो स्कूल के डायरेक्टर ने दुकानदार का पक्ष लेते हुए फोन पर पालक के लिए बेहद आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया। शिक्षा के मंदिर के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति के मुंह से ऐसे शब्द सुनना क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और पालकों के लिए बेहद हैरान करने वाला है।

नियमों की सरेआम धज्जियां

स्कूल शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी निजी स्कूल प्रबंधन किसी खास दुकान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए दबाव नहीं बना सकता और न ही कोर्स के नाम पर कमीशनखोरी का धंधा चला सकता है। लेकिन गैरतगंज का एक प्रायवेट स्कूल प्रशासन के इन नियमों को ठेंगे पर रखकर सरेआम अभिभावकों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहा है।

एफआईआर की मांग

स्कूल डायरेक्टर की इस अभद्रता से आहत पालक ने तानाशाही के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पीड़ित ने बीईओ आशीष चौहान एवं बीआरसी आलोक राजपूत को साक्ष्यों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में शासन के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध महंगी पुस्तकें बेचने, मोनोपॉली चलाने और स्कूल डायरेक्टर द्वारा फोन पर गाली-गलौज व अभद्रता करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

इनका कहना है

अभिभावक ने आवेदन दिया है जांच करवा के स्कूल प्रबंधन पर उचित वैधानिक कार्यवाही करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करे प्रशासनिक कार्यवाही के लिए लेख करेंगे।

- **आलोक सिंह राजपूत,** बीआरसी, गैरतगंज।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने पूछा- एक साल बाद भी क्यों नहीं बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत दीवानगंज में सोमवार को आयोजित ग्राम सभा की बैठक में ग्रामीणों ने विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई मुद्दे जोर-शोर से उठाए। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आवेदन सौंपे और जनप्रतिनिधियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। सबसे प्रमुख मुद्दा दीवानगंज सोसायटी और अयोध्या धाम मंदिर (अंबाडी) के सामने की जर्जर सड़क का रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी थी दो जगह पर वर्षों से तालाबनुमा गड्ढा बना हुआ है। करीब दो वर्ष पहले पंचायत ने दो ट्रॉली मुरम डालक मरम्मत कर दी थी, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो गई।

नाबालिग पड़ोसी को कमरे में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक नजदीकी गांव में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म का एक बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला सामने आया है। सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के मुख्य आरोपी को धरदबोचा है, जिसे कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दो दिन पहले देर रात की है। आरोपी की पहचान गोलू सहरिया (उम्र 25 वर्ष), पिता राम सिंह सहरिया के रूप में हुई है। आरोपी और पीड़ित नाबालिग दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी हैं।



घटना वाली रात आरोपी ने नाबालिग लड़की को डरा-धमकाकर अपने घर की छत पर बुलाया। इसके बाद वह उसे जबरन अपने घर के भीतर ले गया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

पुलिस ने त्वरित की कार्रवाई, आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया। सोमवार को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी गोलू सहरिया को उसके घर के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को सांची सिविल अस्पताल ले जाया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण (मेडिकल) कराया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को रायसेन न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

महिला अधिकारी ने दर्ज किए बयान

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रायसेन महिला थाने की अधिकारी स्वाति गोदरे ने सलामतपुर थाने पहुंचकर पीड़िता के विस्तृत बयान दर्ज किए हैं। इस पूरी कार्रवाई और आरोपी को दबोचने में सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह, एएसआई सुनील शर्मा, एएसआई राजेश यादव, आरक्षक संदीप रघुवंशी और रोहित गोस्वामी की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन का कहना है कि महिलाओं और नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।

थाना प्रभारी ने 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत की दी सलाह

सेफ क्लिक 2.0 के तहत साइबर फ्रॉड से बचने बताई तरकीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा सिविल अस्पताल सिलवानी में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, मरीजों एवं उनके परिजनों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी संजीत परते ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़ रहा है, जिसके साथ साइबर ठगी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल पर प्राप्त संदिग्ध कॉल या संदेशों पर विश्वास न करें तथा अपना ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी और अन्य गोपनीय जानकारी किसी



भी व्यक्ति के साथ साझा न करें।

पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान डिजिटल भुगतान करते समय बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों की जानकारी भी दी। लोगों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

थाना प्रभारी संजीत परते ने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करे या साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि समय रहते शिकायत करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

एसबीआई में ग्राहकों को किया जागरूक

सलामतपुर। बढ़ते डिजिटल अपराधों और ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लगाने पुलिस ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में 'साइबर सुरक्षा अभियान सेफ क्लिक 2.0' के अंतर्गत सोमवार को सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह के नेतृत्व में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को आधुनिक दौर के गंभीर साइबर खतरों जैसे कि ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सेक्सटॉर्शन से सुरक्षित रखना है।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने बैंक में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों से कहा कि अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते हैं। वे पीड़ितों को 'डिजिटल अरेस्ट' के डर से लाखों रुपये ऐंठ लेते हैं।

हाटबाजार में पुलिस ने की सघन गश्त कहा- सभी दुकानदार लगवाएं कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज के साप्ताहिक हाट बाजार में रविवार देर शाम दीवानगंज पुलिस ने सघन गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में एएसआई रामकिशोर उईके, पुष्पेंद्र सिंह, संदीप रघुवंशी, परितोष सहित पुलिस बल ने बाजार में पैदल भ्रमण किया और व्यापारियों से संवाद स्थापित किया।

गश्त के दौरान चौकी प्रभारी ने स्थायी एवं अस्थायी दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैमरे लगने से चोरी, संदिग्ध गतिविधियों और अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी तथा किसी भी वारदात की स्थिति में फुटेज के



आधार पर आरोपियों तक शीघ्र पहुंचा जा सकेगा।

पुलिस ने व्यापारियों से अपील की कि बाजार में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करते हुए पुलिस का सहयोग करने की भी बात कही गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार पहले दीवानगंज हाट बाजार में चोरी की घटनाएं अधिक होती थीं, लेकिन पिछले कुछ समय से पुलिस द्वारा लगातार गश्त और निगरानी बढ़ाए जाने के कारण चोरी की वारदातों में उल्लेखनीय कमी आई है। व्यापारियों और ग्रामीणों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए इसे बाजार की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।